आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. निम्नलिखित में किस वर्ष कॉवेनान्ट सिविल सेवा का दरवाजा भारतीयों के लिए खोला गया तथा भारत में एक पृथक सिविल सेवा परीक्षा के आयोजन का प्रावधान लाया गया?

(a) 1883 (b) 1892

(c) 1919 (d) 1935

2. नील आंदोलन के संबंध में सत्य नहीं है-

(a) यह ब्रिटिश जमींदारों के विरूद्ध आरंभ हुआ था।

(b) इस आंदोलन को जनसामान्य के साथ बुद्धिजीवियों का भी समर्थन हासिल था।

(c) इस आंदोलन पर आधारित हरिश्चंद्र मुखर्जी का 'नील दर्पण' नामक साहित्य भी प्रकाशित हुआ।

(d) यह आंदोलन 1857 के विद्रोह के बाद घटित हुआ।

3. व्यपगत सिद्धांत के संबंध में सत्य नहीं है–

(a) इसके अंतर्गत भारत के उस हिस्से को शामिल किया गया था, जिसमें देशी रियासतें थी।

(b) ऐसे राज्य जो पहले मुगलों के अधीन रहे थे, उनको उत्तराधिकारी लेने के लिए स्वीकृति लेनी पड़ती थी।

(c) मित्र राज्यों को उत्तराधिकारी चुनने में पूरी स्वतंत्रता थी।

(d) यह सिद्धांत सहायक संधि का उग्र रूप था।

4. भारत में ब्रिटिश उपनिवेशवाद के औद्योगिक चरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1. ईस्ट इंडिया कंपनी का व्यापारिक एकाधिकार समाप्त हो गया।
2. ईस्ट इंडिया कंपनी को प्रशासनिक कायो± से मुक्त कर दिया गया।
3. भारत का विकास ब्रिटिश तैयार माल के आयातक के रूप में किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1 और 3 (d) केवल 3

5. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए -

1. नील विद्रोह
2. संथाल विद्रोह
3. दक्कन दंगे
4. सिपाही विद्रोह

इन घटनाओं का सही कालानुक्रम है-

(a) 4, 2, 1, 3
(b) 4, 2, 3, 1
(c) 2, 4, 3, 1
(d) 2, 4, 1, 3